भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 545

20 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

इस्पात आधारित उद्योग

545. डॉ. निशिकांत दुबे:
श्री रामचरण बोहरा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में इस्पात आधारित उद्योगों की कुल संख्या का राज्य /संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान कच्चे इस्पात और इस्पात उत्पादों के निर्यात और आयात की मात्रा का ब्यौरा क्या है;

(ग) अगले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के लिए सरकारी स्वामित्व वाले इस्पात संयंत्रों हेतु अपेक्षित कच्चे कोयले और लौह अयस्क की अनुमानित मात्रा का संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस्पात क्षेत्र की मांग को पूरा करने के लिए कोयले और लौह अयस्क के घरेलू उत्पादन की मात्रा पर्याप्त है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) कोयले और लोहे की कुल मांग के मुकाबले उनको आपूरित मात्रा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): वर्ष 2021-22 के दौरान देश में कार्यशील इस्पात संयंत्रों (केवल इस्पात क्षेत्र के इस्पात-आधारित उद्योग) का राज्य एवं संघ शासित प्रदेश-वार विवरण **अनुलग्नक I** में संलग्न है।

(ख): विगत तीन वर्षों के दौरान सेमीज व तैयार इस्पात के आयात, निर्यात का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(मात्रा मिलियन टन में)

वर्ष	**सेमीज**		**तैयार इस्पात**	
	आयात	**निर्यात**	**आयात**	**निर्यात**
2019-20	0.40	2.83	6.77	8.36
2020-21	0.29	6.60	4.75	10.78
2021-22	0.17	4.88	4.67	13.49
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); एमटी=मिलियन टन				

(ग): अगले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के लिए सरकार के स्वामित्व वाले इस्पात संयंत्रों हेतु आवश्यक कोयले एवं लौह अयस्क की अनुमानित मात्रा का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल)

(मात्रा मिलियन टन में)

वर्ष	लौह अयस्क	कोकिंग कोयला
2022-23	32.88	18.57
2023-24	34	19.20
2024-25	34.85	19.68

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)

(मात्रा मिलियन टन में)

वर्ष	लौह अयस्क	कोकिंग कोयला
2022-23	9.61	5.28
2023-24	10.28	5.16
2024-25	11.27	5.18

(घ) और (ङ): लौह अयस्क की घरेलू आपूर्ति इस्पात क्षेत्र की माँग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। इस्पात क्षेत्र द्वारा उपयोग किए जाने वाले कोयले (कोकिंग कोल) के अपर्याप्त घरेलू उत्पादन के कारण, कंपनियाँ आयातों का सहारा लेती हैं। विगत तीन वर्षों के लिए, घरेलू माँग को पूरा करने हेतु लौह अयस्क एवं कोयले (कोकिंग कोल) के उत्पादन एवं आयात का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है:

कोकिंग कोयले का उत्पादन और आयात

(मात्रा मिलियन टन में)

वर्ष	उत्पादन	आयात
2019-20	52.93	51.83
2020-21	44.78	51.20
2021-22	51.15	57.16
स्रोत: कोयला मंत्रालय		

लौह अयस्क का उत्पादन और आयात

वर्ष	उत्पादन	आयात
2019-20	244.08	1.24
2020-21	204.48	0.76
2021-22	253.97	2.39
स्रोत: भारतीय खान ब्यूरो, जेपीसी		

****

अनुलग्नक I

राज्य और संघ शासित प्रदेश-वार कच्चे इस्पात इकाइयों की संख्या	
राज्य	**इकाइयों की सं.**
आंध्र प्रदेश	20
अरुणाचल प्रदेश	1
असम	8
बिहार	12
छत्तीसगढ़	95
दादरा और नगर हवेली	14
दमन और दीव	3
दिल्ली	2
गोवा	10
गुजरात	75
हरियाणा	15
हिमाचल प्रदेश	26
जम्मू और कश्मीर	8
झारखंड	26
कर्नाटक	26
केरल	27
मध्य प्रदेश	13
महाराष्ट्र	62
मेघालय	6
ओडिशा	57
पुदुचेरी	10
पंजाब	117
राजस्थान	28
तमिलनाडु	88
तेलंगाना	27
त्रिपुरा	1
उत्तर प्रदेश	39
उत्तराखंड	40
पश्चिम बंगाल	45
कुल	901
स्रोत: जेपीसी	

***